Padma Bhushan



DR. ASHOK LAXMANRAO KUKADE

Dr. Ashok Kukade is the ' FOUNDER TRUSTEE ' of Vivekanand Medical Foundation & Research Centre Latur. He works as Chief Surgeon at Vivekanand Hospital, run by the turst. He also heads the ' RESEARCH WING ' which is recognized as SIRO , by DSIR — GOI, for over 40 yrs, in continuity. Dr. Kukade has contributed in the form of Research projects, presentations in conferences, orations and as a panelist.

2. Born on December 22, 1938, Sh. Kukade obtained his MBBS in 1962 from University of Pune. He stood first, securing number of prizes. He completed M.S. [General Surgery] in 1965. He decided to serve the backward area and rural population, which was devoid of medical services along with his 3 colleagues. He chose LATUR as his place of activity, a small Tehsil place in the erstwhile Nisam State, an extremely backward area, in 1966.

3. Making a humble beginning as a 10 bedded hospital with a few modern amenities, Vivekanand Hospital has grown into a medical complex having 200 beds and superspeciality services. It works as a public Charitable trust. Dr. Kukade is not engaged in any private practice and works along with his wife Dr. Jyotsna, with a nominal fixed honorarium as remuneration, for decades together. The aim of the hospital has been to provide best of medical services at affordable cost to all the startas of the society. The hospital is equipped with best of modern amenities and provides superspeciality services in an Oncology, Cardiology, Nephrology and Intensive care.

4. In past 10 yrs, a composite Cancer Hospital has come up with best of the Radiation, Surgical and Chemotherapy services. It is recognized by Govt. of India as a ' Tertiary Care Cancer Centre '. It is serving a large population free of cost, or at a very low cost. Dr. Kukade, Vivekanand Hospital, worked extensively in various calamities. The work done at the time of ' Killari Earthquake 1993,' was applauded by the society, Govt. of India, and Indian and Foreign organizations. A team of Vivekanand Hospital, always served in calamities any where in India e.g., Tsunami in Tamilnadu , Earthquake in Gujrat , Floods in Mumbai, Bihar etc.

5. Dr. Kukade has received number of prestigious Awards such as FIE Foundation — National Award 1994, Jeevan Gaurav Puraskar from Dr. Babasaheb Ambedkar — Marathwada ' Varsity,. Similar Puraskar from Swami Ramanand Teerth — Nanded University. He has Contributed in developing Charitable Blood Banks in the state. He headed as president of RSS Jankalyan Samiti — Maharashra State, a service organization with number of projects all over the state. At the age of 80 years , he is still active and contributes significantly to social cause.



डॉ. अशोक लक्ष्मणराव कुकडे

डॉ. अशोक लक्ष्मणराव कुकडे विवेकानंद मेडिकल फाउंडेशन एण्ड रिसर्च सेंटर, लातूर के 'संस्थापक ट्रस्टी' हैं। आप ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे विवेकानंद अस्पताल के मुख्य सर्जन हैं। आप 40 वर्ष से लगातार 'रिसर्च विंग' जोकि डी.एस.आई.आर, भारत सरकार द्वारा एसआईआरओ के रूप में मान्यता प्राप्त है, के विभागाध्यक्ष भी हैं। आपने अनुसंधान परियोजनाओं, सम्मेलनों में प्रस्तुतियां, व्याख्यान देने तथा पैनलिस्ट के तौर पर भी योगदान दिया है।

2. आपका जन्म 22 दिसंबर, 1938 को हुआ था। आपने पुणे विश्वविद्यालय से वर्ष 1962 में एमबीबीएस किया। आपने बहुत से पुरुस्कारों के साथ पहला स्थान हासिल किया। आपने वर्ष 1965 में एमएस (जनरल सर्जरी) की डिग्री प्राप्त की। आपने अपने तीन सहकर्मियों के साथ पिछड़े क्षेत्र तथा ग्रामीण लोगों की सेवा करने का निश्चय किया जहां पर चिकित्सा सुविधाओं का अभाव था। आपने वर्ष 1966 में पूर्ववर्ती निजाम राज्य के लातूर नामक एक अत्यधिक पिछड़े जिले को अपनी कार्यस्थली के रूप में चुना।

3. विवेकानंद अस्पताल कुछेक आधुनिक सुविधाओं से लैस एक 10 बिस्तर वाले अस्पताल से शुरू होकर आज 200 बिस्तर वाले सुपरस्पेशिलिटी मेडिकल काम्प्लैक्स के रूप में विकसित हुआ है। यह एक सार्वजनिक चैरिटेबल न्यास के तौर पर कार्य करता है। आप किसी भी प्रकार की निजी प्रैक्टिस नहीं करते हैं तथा अपनी पत्नी डॉ. ज्योत्सना के साथ मिलकर दशकों से पारिश्रमिक के रूप में एक मामूली निर्धारित मानदेय पर कार्य करते हैं। आपके अस्पताल का प्रमुख उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को किफायती दरों पर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह अस्पताल बेहतरीन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है तथा कैंसर, हृदय, किडनी रोग तथा गहन देखभाल में सुपर स्पेशिलिटी सेवाएं प्रदान करता है।

4. पिछले दस वर्षों में यह समग्र रूप से रेडिएशन, सर्जिकल तथा कीमोथैरेपी सेवाएं प्रदान करने वाले उत्कृष्ठ कैंसर अस्पताल के रूप में उभर कर सामने आया है। भारत सरकार द्वारा यह 'टर्शरी केयर कैंसर सेंटर' के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह बहुत बड़ी आबादी को मुफ्त या बहुत सस्ती दरों पर सेवाएं दे रहा है। आपने तथा विवेकानंद हस्पताल ने विभिन्न आपदाओं में गहन रूप से कार्य किया है। वर्ष 1993 में किलारी में आए भूकंप के दौरान आपके कार्य की समाज, भारत सरकार तथा अन्य भारतीय तथा विदेशी संस्थाओं द्वारा प्रशंसा की गई। विवेकानंद अस्पताल ने भारत में किसी भी स्थान पर आयी आपदाओं जैसेकि तमिलनाडू में सुनामी, गुजरात में भूकंप, मुबंई तथा बिहार में बाढ़ इत्यादि घटनाओं के दौरान हमेशा अपनी सेवाएं दी हैं।

5. आपको बहुत से प्रतिष्ठित पुरस्कार जैसे एफआईई फाउंडेशन से नेशनल अवॉर्ड 1994, डॉ. बाबासाहब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय की ओर से जीवन गौरव पुरस्कार तथा स्वामी रामानंदतीर्थ नांदेड विश्वविद्यालय की ओर से समतुल्य पुरस्कार मिले हैं। आपने प्रदेश में चैरिटेबल ब्लड बैंकों को विकसित करने में भी योगदान दिया है। आप आरएसएस जन कल्याण समिति, महाराष्ट्र राज्य की सेवा संस्था जिसकी सारे राज्य में कई परियोजनाएं हैं, के अध्यक्ष भी हैं। आप 80 वर्ष की आयु में भी सक्रिय हैं तथा सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।